तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 2 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 कमल बघेल सरपंच संघ के उपाध्यक्ष मनोनीत



12 परीक्षा के एक माह बाद भी नहीं मिली अंकसूची



## खबर संक्षेप

### दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से भाजपा नेता योगेश ने की मुलाकात



**बेमेतरा।** भाजपा किसान नेता एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, सर्व हिन्दू सनातन संगठन योगेश तिवारी ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मनसुखभाई मंडाविया से उनके निजी निवास पर सौजन्य भेंट मुलाकात किए । इस दौरान उन्होंने मंत्री मंडाविया को पुष्पगुच्छ भेंटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी ।इसके पश्चात श्री तिवारी जी ने छत्तीसगढ़ विशेषकर बेमेतरा जिले की विकास योजनाओं एवं किसान हितों से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण चर्चाएं भी कीं ओर जल्द ही छत्तीसगढ़ आने का आमंत्रण दिया। योगेश तिवारी ने बताया कि यह सौजन्य भेंट ना केवल आत्मीयता का प्रतीक थी, बल्कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और किसान वर्ग की आवाज़ को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का प्रयास भी।इस अवसर पर भाजपा के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विश्व साइकिल दिवस पर आज सायकिल रैली

**बेमेतरा।** विश्व साइकिल दिवस पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार तथा 'फिट इंडिया मूवमेंट' को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज 02 जून एक साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली प्रातः 07:00 बजे जिला मुख्यालय स्थित जय स्तम्भ चौक से प्रारंभ होकर नगरीय क्षेत्रों का भ्रमण करते हुये पुनः जय स्तम्भ चौक पर समाप्त होगी। रैली का आयोजन खेलो इंडिया सेंटर (मल्लखंब प्रशिक्षण केंद्र), बेमेतरा द्वारा किया जा रहा है। इसमें जिले के युवा, खेलप्रेमी नागरिक एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इस साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें अपनी दैनिक जीवनशैली में व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों को शामिल करने हेतु प्रेरित करना है। 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत यह संदेश दिया जा रहा है कि नियमित व्यायाम, जैसे साइकिल चलाना, न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को ऊर्जावान बनाए रखता है। जिला प्रशासन एवं खेल विभाग द्वारा आम नागरिकों से इस रैली में भाग लेने की अपील की गई है ताकि जिले में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया जा सके।

### लूट का विरोध करने पर कैंची से हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** लूट की वारदात को अंजाम देने कैंची से प्राणघातक हमला करने वाले दो युवकों पुलिस ने पकड़ा। घटना में सहयोग करने वाला एक आरोपी फरार है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 311 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# जून में गुप्त नवरात्रि, रथयात्रा और ईदुलअजहा पर्वों की होगी धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अंग्रेजी माह के मध्यान्ह जून में ज्येष्ठ एवं आषाढ़ माह का संयोग बन रहा है। वहीं त्यौहार एवं व्रत का क्रम भी होगा। जिसमें प्रमुख रूप से महेश नवमी, गुप्त नवरात्र, रथयात्रा, ईदुलअजहा सहित अन्य पर्व का समावेश होगा। एक ओर जहां लोग व्रत त्यौहारों में व्यस्त रहेंगे।

वहीं अंचल के ग्रामीण इलाकों में किसान त्यौहार मनाने के साथ ही किसानी कार्य में व्यस्त हो जाएंगे। बदलते समय चक्र के साथ ही रविवार से जून माह प्रारंभ हो जाएगा। जिसमें एक और तपिश भरे ज्येष्ठ माह की विदाई होगी। वहीं आषाढ़ माह बारिश की सौगात लिए प्रारंभ होगा। अन्य महीनों की अपेक्षा जून माह का विशेष महत्व इसलिए भी है कि इस माह पर्व एवं व्रतों की श्रृंखला भी बनी रहेगी।

इसी तरह राशि चक्र में 6 जून को बुध का मिथुन राशि में गोचर, 7 को मंगल का सिंह राशि में गोयर, 9 को बृहस्पति का मिथुन राशि में अरत. 11 को बुध का मिथुन राशि में उदय, को सूर्य का मिथुन राशि में गोचर, 22 को बुध का कर्क राशि में गोचर, 29 को शुक्र का वृषभ राशि में गोचर होगा। पूरा जून माह श्रद्धा भक्ति भरा होगा।

## जून में जेठ की विदाई और आषाढ़ का आगमन, किसानी की भी तैयारी जोरों पर



### लगातार पर्वो का क्रम

पंचांग के मुताबिक जून माह में लगातार पर्व का क्रम है जिसमें प्रमुख रूप से 4 जून को महेश नवमी ,5 को गंगा दशहरा, 6 को निर्जला एकादशी,8 को प्रदोष व्रत 10 को वट सावित्री पूर्णिमा व्रत, 12 को कबीर दास जयंती ज्येष्ठ पूर्णिमा होगी । इसके साथ ही तपिश भरे ज्येष्ठ माह की विदाई होगी। और 12 जून से आषाढ़ का महीना शुरू हो जाएगा जिसमें किसानों का रुख खेती की ओर होगा और किसान खेती कार्य में तेजी से जुट जाएंगे ।

## कार्रवाई : बेमेतरा पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, गांजे की अनुमानित कीमत 10 लाख

# वाहन समेत एक क्विंटल गांजा जब्त तस्करी के आरोप में चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बेमेतरा टीम ने गांजा तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में गांजा जब्त किया। पकड़ा गया गांजा उड़ीसा से भिलाई ले जाया जा रहा था। रविवार की सुबह टीम को सूचना मिली कि एक सफेद रंग की पिकअप में अवैध गांजा भरकर राका कठिया से सरदा की ओर ले जाया जा रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए टीम गठित कर घेराबंदी की गई। ग्राम सरदा के आंदु चौक के पास संदिग्ध पिकअप को रोका गया। तलाशी में वाहन के पीछे छिपाकर रखे गए 103 पैकेट गांजा मिले, जिनका कुल वजन 1 क्विंटल 3 किलो था।

- 103 पैकेटों में वाहन में गांजे को रखा था छुपाकर

**भिलाई निवासी आरोपी गिरफ्तार :** वाहन चला रहा आरोपी मोहम्मद खान उर्फ अयाज, उम्र 24 वर्ष, निवासी मछली मार्केट, पावर हाउस, भिलाई (जिला दुर्ग) को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह उक्त गांजा उड़ीसा से भिलाई ले जाकर बिक्री करने वाला था।

**टीम की अहम भूमिका :** इस कार्रवाई में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि दिनेश शर्मा, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, आरक्षक नोहर यादव, भुषण ठाकुर, संजय पाटिल, पीलाराम साहू, विजय दिवाकर, सुरेन्द्र जांगड़े, धनसाय मिरे और डामन धिवर की अहम भूमिका रही।



### 15 लाख 44 हजार रुपये की जब्ती

आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में गांजा के साथ-साथ एक पिकअप वाहन, नकद और मोबाइल फोन बरामद किए गए। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये आंकी गई है। वहीं, परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन की कीमत करीब 5 लाख रुपये है। आरोपी के पास से 37 हजार रुपये नगद और दो मोबाइल फोन (करीब 7 हजार रुपये मूल्य) भी बरामद किए गए। इस प्रकार कुल जब्ती की कीमत 15 लाख 44 हजार रुपये पहुंचती है।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई शुरू कर दी है। पूछताछ में यह भी सामने आया कि गांजा उड़ीसा से लाया गया था और इसे भिलाई में खपाने की योजना थी। पुलिस अब सप्लाई चेन में शामिल अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

# पूर्व विधायक बंजारे को कांग्रेस की राष्ट्रीय टीम में मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व नवागढ़ के पूर्व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने संगठन सृजन अभियान के तहत मध्यप्रदेश का अतिरिक्त सहायक पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से की गई है। बंजारे को यह जिम्मेदारी ऐसे समय में मिली है जब पार्टी देशभर में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने में जुटी है। उनकी राजनीतिक अनुभव, संगठन कौशल और जमीनी पकड़ को देखते हुए पार्टी ने यह विश्वास जताया है।

### कार्यकर्ताओं में उत्साह और समर्थन

उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही नवागढ़ सहित पूरे क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने इसे स्थानीय नेतृत्व की राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता बताया। कई जगहों पर कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटीं, एक-दूसरे को बधाई दी और पार्टी के फैसले का स्वागत किया। बधाई देने वालों में अशोक साहू, तुलसी साहू, द्वारिका सोनवानी, देवेंद्र साहू, गुरभेज गुंबर, अमित जैन, अरमान साहू, दीपक चौबे, अंशु केशरवानी, प्रिंस डेहरे, विजय यादव, आरिफ भाटिया, लाला कटारे, मनीष साहू, इमरान खान, सागर सेन, रिंशू साहू, राकेश गहिरे, जितेंद्र गुप्ता, गणेश राजपूत, रूपेंद्र राजपूत, गौकरण साहू, ईश्वर कुर्रे, राजेंद्र वर्मा और संतोष बंजारे प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### जिम्मेदारी के लिए प्रतिबद्ध

गुरुदयाल सिंह बंजारे ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसके लिए मैं आभारी हूं। मैं पूरी प्रतिबद्धता, समर्पण और ईमानदारी से इस दायित्व का निर्वहन करूंगा। संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाना और कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करना ही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि संगठनात्मक मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण, संवाद और जनसंपर्क के माध्यम से जोड़ना जरूरी है, और वह इस दिशा में ठोस पहल करेंगे।

# दाढ़ी में कांग्रेस ने निकाली संविधान बचाओ रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

नगर पंचायत दाढ़ी मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस नेता शिशिर दुबे के नेतृत्व में संविधान बचाओ रैली नगर में निकाली गई।

इस दौरान नगर पंचायत दाढ़ी के नवनिर्वाचित कांग्रेसी पार्षद,कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ रैली शामिल हुए । रैली में कांग्रेस नेताओं ने बीजेपी पर आरोप लगाया कि देश ओर राज्य में संविधान को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है कांग्रेस नेताओं ने छत्तीसगढ़ सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। दाढ़ी नगर पंचायत वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिशिर दुबे ने कहा भाजपा सरकार भीमराव अंबेडकर के बनाएं संविधान को दबाने का कार्य जहां कर रही है वही शासकीय एजेंसियों के माध्यम से विपक्ष दबाने का कुचक्र कर रही है परंतु भाजपा ये नहीं जानती कि भारत देश गोरे अंग्रेजों से नहीं डरा ।

# पीएम आवास योजना बनी रेत चोरी का जरिया, कार्रवाई मात्र खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रशासनिक संरक्षण में पूरा इलाका रेत के खनन और परिवहन का बड़ा अड्डा बन गया है। सारा अवैध धंधा प्रशासनिक संरक्षण में फलने-फूलने के कारण अंकुश नहीं लग रहा है। जानकारी के अनुसार रेत की चोरी केवल माफिया ही नहीं बल्कि अफसर और जनप्रतिनिधि भी सीधे शामिल हो गए है। शहर के कई प्रशासनिक कार्यालय से चंद किमी की दूरी से रेत चोरी खुलेआम हो रही है।

- खोखली हो रहीं नदियां, क्षेत्र के दर्जनभर घाटों में रेत का अवैध उत्खनन जारी

गौरतलब हो कि क्षेत्र के दर्जन भर घाटों से रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर-हाइवा ट्रक भरकर रेत निकाला जा रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से इस बात को बल मिल रहा है कि जिम्मेदार अधिकारी माफिया के साथ मिलकर लाभ अर्जित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने गरीबों को राहत देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को निशुल्क रेत देने का प्रावधान किया है। सरकार की इस पहल से रेत माफिया को रेत निकासी और परिवहन की खुली छूट मिल गई है। शहर सहित क्षेत्र में स्वीकृत आवास और उसमे लगने वाली रेत का मूल्यांकन किया जाए खपत से कही अधिक रेत की निकासी किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार रेत से भरे ट्रैक्टर जब भी पकड़े जाते हैं, तो तस्कर आवास निर्माण का बहाना बनाकर बच निकलते हैं। वही कुछ को छूट, कुछ पर कार्रवाई की कहावत भी सामने आ रहे। बहरहाल प्रशानिक खामोशी के चलते जिले की जीवनदायनी शिवनाथ नदी का सीना छलनी किया जा रहा है। रेत तस्करी के चलते जहां शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है वही आमजनों को पेयजल के संकट से भी गुजरना पड़ रहा है बता दे कि शिवनाथ नदी से जिला मुख्यालय से लेकर तकरीबन 100 ग्रामीण क्षेत्र का पेयजल व निस्तारी की पूर्ति होती है।



# निशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर से सैकड़ों लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



रविवार रक्षित केन्द्र स्थित पुलिस आवासीय कॉलोनी परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में डॉ. विनय साहू एवं डॉ. भावना साहू की टीम ने पुलिस परिवारों के महिला, पुरुष एवं बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। चिकित्सा टीम सुबह 08:00 बजे शिविर स्थल पर पहुंची और तत्पश्चात मरीजों की जाँच प्रक्रिया आरंभ हुई।

शिविर में थायरॉयड, एलर्जी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, घुटनों का दर्द, पथरी, चर्म रोग, बवासीर, खांसी, जुकाम, बुखार आदि सामान्य रोगों की जाँच कर आवश्यक दवाएं निःशुल्क वितरित की गईं। दोपहर 01:00 बजे तक चले इस शिविर में लगभग 150 से अधिक पुलिस परिवार के सदस्य लाभान्वित हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, एसडीओपी मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, मुख्य लिपिक उप निरीक्षक (अ) हरिओम विश्वकर्मा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस परिवार के सदस्य उपस्थित रहें।

## नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा और पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा हुए शामिल

# महेश नवमी पर माहेश्वरी समाज का चार दिवसीय महोत्सव प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में शनिवार को माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी के अवसर पर चार दिवसीय सांस्कृतिक एवं सामाजिक महोत्सव का शुभारंभ किया गया। आयोजन में समाजजनों का उत्साह देखते ही बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने की।

मुख्य अतिथि विजय सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि माहेश्वरी समाज ने सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह समाज न केवल व्यवसाय में अग्रणी रहा है, बल्कि सेवा और संगठन के क्षेत्र में भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है।

पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने समाज की बहनों और बेटियों की विशेष रूप से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज माहेश्वरी समाज की महिलाएं आगे आकर संगठनात्मक जिम्मेदारी निभा रही हैं, जो पूरे समाज के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में विकास तंबोली ने भी अपना विचार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, समरसता और संस्कार का भाव उत्पन्न करते हैं। उन्होंने समाज को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।



### प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति

इस अवसर पर समाज के प्रमुख संरक्षक दिलीप बंटी माहेश्वरी, नीतू कोठारी, मुन्ना भूतड़ा, अरुण राठी, चंद्रप्रकाश मुंदड़ा, समाजसेवी नीरज चांडक, संदीप कोठारी, दीपक भूतड़ा, राजेश राठी, रिंकू माहेश्वरी, दीपिका राठी, संगीता भूतड़ा, विनोद भूतड़ा, मनोज मुंदड़ा, ललित कोठारी, दुर्गेश माहेश्वरी, राजकुमार चांडक, प्रियंका कोठारी, राहुल भूतड़ा, रश्मि राठी सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, महिला मंडल व युवा वर्ग उपस्थित रहे।

# बैठक में शिवसेना के विस्तार पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नांदघाट

शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे पार्टी का अहम बैठक नांदघाट विश्राम गृह में संपन्न हुआ इस बैठक में जिले के संगठन विस्तार एवं मजबूती पर निर्णय लिया गया। बैठक में बलोदा बाजार भाटापारा, तिल्दा नेवरा, मुंगेली व बेमेतरा जिले के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता की मौजूदगी में शिवसेना प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी दाऊराम चौहान ने कहा पार्टी संगठन विस्तार को लेकर हम सबको मिलकर करना है ताकि शिव सेना एक मजबूत रूप से आमजनों की जरूरत व समस्याओं के निदान के लिए लड़ सके।

इस अवसर पर बलोदा बाजार जिला अध्यक्ष मनहरण साहु, महिला सेना जिला अध्यक्ष गंगोत्री साहु, जिला महासचिव बद्री प्रसाद वर्मा, ओमकार वर्मा, जिला सचिव खिलेन्द्र सेन, बेमेतरा जिला अध्यक्ष गिरवर रजक जिला उपाध्यक्ष रामचरण वर्मा जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राजपूत नवागढ़ ब्लाक अध्यक्ष कुलदीप आडिल नारायण वर्मा विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल साहु उप प्रमुख दिपक वर्मा बुधारू बांधे विरेन्द्र निषाद ओपी यादव जिला उपाध्यक्ष मुंगेली इन्दल कुमार सिंग ब्लाक अध्यक्ष तिल्दा नेवरा भानु निषाद जिला महासचिव मुंगेली एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चालानी कार्रवाई रोकने की मांग

दुर्ग। पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने आम जनता को हो रही परेशानियों के मद्देनजर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम पूरा होने तक चलानी कार्यवाही रोकने का आग्रह किया है। डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य है। दुर्ग जिले सहित पूरे राज्य में परिवहन विभाग ने इसके लिए पहले 31 मार्च 2025 तक की समय सीमा दिया था, जिसे बाद में 15 अप्रैल 2025 तक बढ़ाया गया। 16 अप्रैल 2025 से बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर 500 से 10,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा रहा है। जिसकी वजह से आम लोगों को बेवजह भारी तकलीफें झेलनी पड़ रही है। हर वाहन मालिक को समय और सुविधा दिया जाना आवश्यक है। डॉ. उमरे ने जब तक राज्य के सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम पूरा नहीं हो जाता, तब तक चलानी कार्यवाही, चालान और जुर्माना को रोकाने की मांग की है।

### अग्रवाल दंपत्ति ने किया देहदान, सौंपी वसीयत




दुर्ग। स्टील कॉलोनी भिलाई निवासी भिलाई नगर निगम के सेवानिवृत इंजीनियर तपन अग्रवाल एवं उनकी पत्नी श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल ने अपने देहदान की घोषणा कर देहदान की वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया एवं राजेश पारख को सौंपी। तपन अग्रवाल ने कहा आज उनकी वर्षों पुरानी इच्छा पूरी हुई। आज अपनी पत्नी सहित देहदान की घोषणा कर उन्हें संतुष्टि हो रही हैं कि अब उनके जाने के बाद उनकी व उनकी पत्नी की आँखों से चार लोगों को नई रौशनी मिलेगी व भविष्य के डॉक्टरों को रिसर्च हेतु मृत देह केडेवर मिले तो हम पति पत्नी का जीवन सार्थक होगा।

### युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के लिए तिथि निर्धारित

दुर्ग। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत अतिशेष हुए सहायक शिक्षक, शिक्षक व्याख्याता के काउन्सलिंग की समय-सारिणी निर्धारित कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा से मिली जानकारी अनुसार कांउसलिंग 2 जून को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक जेआरडीशासबहु उमा वि दुर्ग में प्रधानपाठक एवं सहायक शिक्षकए प्राथमिक शाला तथा उसी दिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक प्रधानपाठक एवं शिक्षक पूर्व माध्यण्शाला का काउंसलिंग होगा। इसी प्रकार 03 जून 2025 को प्रातः 9 बजे से दोपहर 01 बजे तक जेआरडीशास बहुउ मावि दुर्ग में व्याख्याता, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के काउंसलिंग की प्रक्रिया होगी।

### संकल्प से सिद्धि तक के लिए भाजपा ने की समिति गठित

भिलाई। संकल्प से सिद्धि तक के लिए बीजेपी ने समिति का गठन किया है। अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के निर्देश पर महामंत्री प्रेमलाल साहू ने आदेश जारी किया है। इसमें कोहका से संयोजक डॉ. दिनेश साहू, सोम भट्ट, सुरेखा देशमुख, सुपेला डॉ. दिलीप शर्मा, रंजीता ठाकुर, यशोदा, कैम्प संजय जायसवाल, भगवती साव, धर्मेंद्र पांडेय, वैशालीनगर मोतीलाल श्रीवास्तव, कमलावती, मुरलीधर, खुर्सीपार गुलाब सिंह, श्रीनू राव, मेघा कौर, पूरब मंडल ब्रिजेश मिश्रा, अजय कन्नौजिया, ज्योति सोनी, पश्चिम रजनीकांत पांडेय, कामिल राबर्ट, सोनाली, भिलाई-तीन विपिन, डॉ. बालमुकंद, प्रेमलता, चरोदा वेदप्रकाश, मलय, प्रमिला, जामुल दीपक, संजय, गायत्री, अहिवारा जितेंद्र, संजय, शुभम, मुरमुंदा भोजराज, सरिता, प्रवेश, जेवरा-सिरसा सुखनंदन देशमुख, किशन साहू, लक्ष्मी कुंभकार शामिल हैं।

---

## पीएम आवास : केन्द्र और राज्य की छूट के अलावा हितग्राहियों को मिलेगी राशि

# स्वीकृति के 18 माह में गृहप्रवेश पर मिलेगी 32 हजार प्रोत्साहन राशि

**प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लाभार्थी अगर स्वीकृति तिथि से अठारह माह के अंदर पीएम आवास तैयार कर गृहप्रवेश करते है तो उन्हें राज्य शासन 32850 रूपए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराएगी। यहीं नही शहरी आवास योजना को प्रोत्साहित करने के लिए न सिर्फ हितग्राही बल्कि इंजीनियरों को भी प्रति मकान छः हजार रूपए मानदेय जारी किया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अलग खबर

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना दो के तहत नगरनिगम द्वारा सभी साठ वार्ड में विगत दिनों सर्वे कराया गया। जिसमें करीब एक हजार हितग्राहियों ने पीएम आवास के लिए आवेद किया है। जानकारी अनुसार इसमें पांच सौ से अधिक आवास स्वीकृत भी हो गए है। वही आधे आवास की भी जल्द ही स्वीकृति मिलने की संभाना है। बहरहाल स्वीकृति मिलने के बाद तेजी से निर्माण कराए जाने के निर्देश भी दिए गए है।

राज्य के नगरीय प्रशासन विभाग का कहना है कि, (बीएलसी) घटक के समयबद्ध क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को निर्धारित समयावधि में लाभ प्रदान करने हेतु ₹मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना₹ प्रारंभ की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों को निर्धारित समय-सीमा में आवास का लाभ प्रदान किये जाने



**पीएम शहरी आवास 2.0 में 18 माह के अंदर करना होगा गृहप्रवेश**

### अनुज्ञा से जियोटैग के बाद होंगे पात्र

मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के लिए हितग्राहियों के आवास निर्माण अवधि की गणना संबंधित हितग्राही को नगरीय निकाय द्वारा जारी भवन अनुज्ञा दिनांक से उनके आवास पूर्णता के जियोटैग दिनांक तक की जाएगा। हितग्राहियों के आवास पूर्णता दिनांक के सत्यापन हेतु उनके पूर्ण स्तर का जियो-टैग दिनांक मान्य होगा। इसमें जियो-टैग निकाय द्वारा अनुमोदित होना अनिवार्य किया गया है। अफसरों ने बताया कि, 30 वर्ग मीटर से 45 वर्ग मीटर तक कारपेट क्षेत्रफल वाले नव निर्मित आवास में न्यूनतम दो कमरे, रसोई घर और शौचालय, बाथरूम का निर्माण किया गया हो। उक्त निर्माण कार्य में समस्त आंतरिक एवं बाह्य कार्य जैसे प्लास्टर, फ्लोरिंग, पोताई, विद्युतीकरण, जल की व्यवस्था, दरवाजे-खिड़की की भी पडताल होगी। आवास के मुख्य

### इस तरह होंगे आवास बनाने का अंशदान

पीएम आवास के लिए केन्द्र सरकार डेढ लाख, राज्य शासन एक लाख रूपए जारी करेगी। वहीं डीपीआर और पीएमसी शुल्क यानि इंजीनियरों का मानदेय 61 सौ रूपए व हितग्राही प्रोत्साहन 32850 रूपए मिलेगा। इसमें एक लाख रूपए हितग्राही अंशदान भी शामिल होगा। इस तरह गृहप्रवेश बाद हितग्राहियों को राशि तीन लाख 89 हजार रूपए जारी किया जाएगा।

### पुराने मकानों में किस्त सुविधा, किराएदार को मौका

नगरनिगम दुर्ग दर्जनभर इलाको में पीएम आवास निर्माण किया है। जिसमें बोरसी 108, पोटियाकला फार्चून हाईट 36, गोकुल नगर पुलगांव 336, गणपति विहार बोरसी 108, सरस्वती नगर 522 और पोटियाकला 116 मकान है। मोर मकान-मोर आस योजना के तहत बने इन मकानों को पूर्व में व्यवस्थापन के तहत वितरित किए जाने की पात्रता निर्धारित की गई थी। लेकिन बाद में किराएदारों को भी मकान लेने की छूट दी गई हे। साथ ही इसकी खरीदी के लिए किस्त सुविधा दी गई हैं। जिसमें आबंटन के दौरान तीस फीसदी राशि जमा करनी होगी। वही एक से तीन माह में पन्द्रह-पन्द्रह फीसदी, वही माह से सात और नवे माह तक दस-दस प्रतिशत व आधिपत्य के दौरान दस फीसदी राशि देने की सुविधा हैं। बहरहाल यहां के मकान अब तक नही बिके हैं।

### निर्देश मिले

पीएम आवास निर्धारित समय पर पूरा करने वाले हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है। उनके खाते में गृह प्रवेश बाद राशि जमा की जाएगी। **-सुमीत अग्रवाल,** आयुक्त ननि दुर्ग

---

# परीक्षा के एक माह बाद भी नहीं मिली अंकसूची



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

केंद्रीय कृत परीक्षा कक्षा 5वीं व 8वीं का मार्कशीट पूरे 1 महीने बाद जारी किया गया। वैसे तो 30 अप्रेल को

- **शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही आई सामने**

अंकसूची जारी हो जाना था। लेकिन आज भी बार बार शाला से त्रुटि सुधार करवाने के बावजूद आज भी त्रुटि पुर्ण अंकसूची वितरण किया गया है। शिक्षा विभाग की बडी लापरवाही सामने आ रही हैं।

जिसमे शाला का नाम में गलती, अलग अलग यूडाइज कोड और अलग शाला, हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के शाला की अंकसूची में माध्यम गलत होना, बच्चों के नाम पिता का नाम मे गलती, कोई कोई मार्कशीट पुर्ण रूप से कोरा कागज है। हिंदी देवनागरी लिपि के जगह त्रुटिपूर्ण आकृति को प्रिंट किया गया है। बहुत सारे स्कूल के विद्यार्थियों का अंकसूची अप्राप्त है। इससे शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही पूरक कार्य परिलक्षित हो रहा है। संकुल समन्वयक को बार-बार परेशान कर फर्द सुधार करवाया गया। उसके बाद भी आज सही रिजल्ट प्रस्तुत नही किया जा सका। इस पर परीक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

### पूरक परीक्षा को लेकर बना संशय

विदित हो कि, राज्य शासन के आदेशानुसार 30 अप्रैल तक परिणाम घोषित करते हुए पूरक आये हुए बच्चो का क्लास लगा कर 1 जून तक परीक्षा लेना था। किंतु दुर्ग जिला शिक्षा विभाग की दुर्ग जिला शिक्षा विभाग के घोर लापरवाही के वजह से अब यह भी सम्भव नही होता दिख रहा है। मई के प्रथम सप्ताह में ही दो बार त्रुटि सुधार का कार्य समस्त संकुलों और स्कूलों के शिक्षको द्वारा किया जा चुका है। इसके बावजूद त्रुटि सुधार कार्य कार्यालय द्वारा नही किया गया।

---

# नगर निगम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम द्वारा पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि,

- **अहिल्याबाई के जीवन पराक्रम पर प्रकाश डाला**

मंच पर महिलाओं का सम्मान एक प्रतीक है। असल में हम सभी मातृशक्ति का सम्मान करते है। उन्होंने अहिल्या बाई होलकर द्वारा किए कार्यो को अनुकरणीय कहा,नारी का सम्मान हर दिन हो। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा महारानी अहिल्याबाई के जीवन काल पर प्रकाश डाला गया और धर्म जागरण, सामाजिक सुधार, लोककल्याणकारी कार्यो की सराहना की गई।उन्होंने ये भी कहा



कार्यक्रम आयोजन का मुख्य उद्देश्य महारानी अहिल्याबाई के आदर्शों को जनता तक पहुंचाना और उनके पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा देना। कार्यक्रम में एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, लीना देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, लीलाघर पाल, काशीराम कोसरे, शशि साहू सहित शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कालिहारी,माया बेलचंदन समेत कई गणमान्य व्यक्ति, भाजपा पदाधिकारी, स्वा सहायता समूह निगम अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वच्छता दीदी और शहर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओ का शाल, श्रीफल मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, ललित चन्द्राकर, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक द्वारा किया। कार्यक्रम में पीएम आवास बीएलसी घटक के तहत पात्र 15 हितग्राहियो को भी स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

## पर्यावरण दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का होगा आयोजन

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2025 को पर्यवारण दिवस पर भव्य कार्यक्रम को लेकर महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे ने पांच जून को पर्यावरण दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक ली। पर्यावरण दिवस निगम द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण, दुष्प्रभाव एवं समाधान" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से समाधान सुझाना है। इसमें

- **5 जून को जीतने वालों को मिलेंगे पुरस्कार**

मिडिल स्कूल के बच्चे प्रतिभागियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है,प्रतियोगिता की समय सीमा 1 घंटा 30 मिनट होगी। प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग पुरस्कार रखे गए हैं।यह प्रतियोगिता नगर निगम परिसर सभागार हॉल में सुबह 8 बजे से शुरू होगी।

---

# पति की बेरूखी व तानाशाइयों की बेशर्मी से ममता के आंचल में छलक उठा दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निश्छल प्रेम की पाकीजगी पर भरोसे ने उस मासूम को जमाने से दूरियां बढ़ाकर अपने हमदर्द के दिल में घर बनाने के लिए मजबूर कर दिया। मजबूर भी इस कदर कि सात वचनों और सात फेरों के साथ एक दूजे का होते देर नही लगी। लेकिन उस बदकिस्मत ने कभी सपने भी नहीं सोचा होगा कि ममता के आंचल में प्रेम की किलकारी गूंजते ही दो दिलों की नजदीकियां मीलों लंबी खामोशी में बदल जाएगीं। और जिस पिया के लिए पीहर और नैहर छोड़ा,उसकी बेरुखी और बेवफाई उसे इंसाफ के लिए

- **दूधमुंहा बच्चा लिए कलेक्टोरेट परिसर पहुंची महिला ने मदद और इंसाफ की लगाई गुहार**

सरेराह भटकने के लिए मजबूर कर देगी। एक तरफ तो जीवन के हमसफर के छूटे साथ की असहनीय वेदना और दूसरी ओर दाम्पत्य की निशानी गोद में भूख से बिलखती नन्ही सी जान की भी चिंता । दोतरफा तड़फन से उसे सरेआम आंखों के साथ ममता के छलकते दामन तले अपने लाल की भूख मिटाने विवश क्या होना पड़ा कि वह बेहया राहगीरों के लिए महज एक मनोरंजक तमाशा बनकर रह गई। और फिर आखिर उसका दर्द फट ही पड़ा - बेशर्मों क्या कभी अपनी मां को दूध पिलाते हुए भी ऐसी निगाहों से देखा था,जो, इंसाफ के मंदिर में न्याय की गुहार के लिए भटक रही मुझ बेहसहारा और बदनसीब महिला को आंख फाड़ फाड़ कर देख रहे हो। बनाना है तो मेरी नाइंसाफी का वीडियो बनाओ और मुझे न्याय दिलाओ।

कलेक्टोरेट परिसर दुर्ग में आज शादी के बाद अपने पति की ज्यादति से परेशान दूधमुंहा बच्चा गोद में लिए रोती बिलखती एक महिला के छलकते दर्द ने आते जाते लोगों को मजमा लगाने के लिए मजबूर कर दिया। न्याय के लिए चींखती चिल्लाती करीब बीस बाईस वर्षीय बदहवाश युवती रोते हुए नन्हे बच्चे को सीने से चिपकाए हुए अपनी मुसीबत से छुटकारा दिलाने मदद के लिए मददगारों को ढूंढ़ रही थी। खुद को सतनामी पारा धनौरा



की निवासी बताने वाली भावना सतनामी नामक महिला को चींख पुकार करते हुए भटकता देख लोगों भीड़ लग गई। कुछ ने हमदर्दी से उसे पानी पिलाते हुए समस्या पूछी तो कुछ शोहदे ऐसे भी थे जो भूख से रो रहे बच्चे का दर्द देख बदहवाशी से खुलेआम अपना दूध पिलाते हुए देखकर गंदे कमेंट्स करने से बाज नहीं आ रहे थे। इनकी बेशर्मी देख उन्हें बचपन में अपनी मां का दूध पीने की याद दिलाते हुए फटकार लगाई। एक भद्र महिला सहित कुछ संवेदनशील लोगों ने मौके पर पहुंची पुलिस को उसकी व्यथा बताते हुए मदद की अपील की। परेशान शादीशुदा महिला ने लोगों को बताया कि बताया कि वह साहू जाति की है और सतनामी जाति के युवक से प्रेम विवाह किया था । लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद पति मारता पीटता है और उसे नवजात बेटे के साथ बेसहारा छोड़ दिया है। वह यहां इंसाफ के लिए आई है। परेशान इतनी अधिक थी कि वह मेरा वीडियो बनाओ और मुझे न्याय दिलाओ कहते हुए बार बार चिल्ला रही थी। उसने बताया कि उसे कलेक्टर, पुलिस और वकील से उम्मीद है कि उसे जल्द न्याय मिलेगा। पुलिस के जवानों ने पीड़ित महिला के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए समझाइश देते अपने साथ वाहन में उसके घर पहुंचाने का दिलासा दिलाया। पुलिस ने बताया कि पति के परेशान करने से महिला दुख और गुस्से से पीड़ित और मानसिक रुप से भी परेशान है।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान 12 जून तक चलेगा

दुर्ग। छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड रायपुर के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चन्द्राकर ने 31 मई 2025 को बीज प्रक्रिया केन्द्र रुआबांधा जिला-दुर्ग में आयोजित कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में शिरकत किया। इस कार्यक्रम में जिले के लगभग 60 बीज उत्पादक कृषक विभिन्न ग्रामों से शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कृषकों द्वारा अपने बीज उत्पादन कार्यक्रम के बेहतर तरीके से संपादन हेतु अपने विचार रखे गए। कृषक श्री दीपक चंद्राकर ग्राम औरी तथा पुरानिक साहू ग्राम रीवागहन द्वारा अपने उन्नत कृषि गतिविधियों सहित बीज उत्पादन कार्यक्रम लाभकारी संबंधी अपने अनुभव साझा किया गया। इस अवसर पर महासमुंद के प्रगतिशील कृषक शंकरलाल चंद्राकर एवं ग्राम उरला के कृषक शंकरदास सोंधी द्वारा भी अपने उद्बोधन में कहा गया कि छ.ग. राज्य हेतु अनुशंसित फसलों के पुराने किस्म आज भी अधिक उत्पादन दे रहे हैं तथा कृषकों के बीज इन्हीं के समतुल्य नई किस्मों को भी कृषक भाइयों को अपनाना चाहिए। अध्यक्ष श्री चन्द्राकर ने अपने उद्बोधन में विभिन्न जिलों में स्थित बीज निगम के भ्रमण के दौरान कृषकों द्वारा इनके समक्ष रखी गई बिन्दुओं से उपस्थित कृषकों को अवगत कराया गया तथा आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही बीज निगम के उत्पादक कृषकों हेतु उत्पादन अनुदान, प्रोत्साहन राशि तथा परिवहन अनुदान के दिशा में सार्थक कार्य किया जाएगा।

---

## कलेक्टर ने यातायात सुरक्षा समिति की ली बैठक

# नियमों का पालन नहीं, निलंबित होगा लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में यातायात नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन और सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम हेतु आवश्यक व्यवस्था के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि यायायात नियमों का पालन नही करने वालों चालको को लाइसेंस निरस्त किया जाए।

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी शामिल हुए। कलेक्टर ने कहा जिले में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने सहित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, प्रभावी उपाय किया जाए। उन्होंने

- **कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश**

कहा कि मुख्य सड़क मार्ग से मिलने वाली ग्रामीण सड़कों पर स्पीड ब्रेकर बनायी जाए। पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई एवं सीएमजीएसवाई के अधिकारियों को संबंधित सड़कों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण उपरान्त इस संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। सड़कों पर मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मवेशी मालिकों को चिन्हांकित कर उन्हें खुले में मवेशी नहीं छोड़ने की समझाईश दी जाए। सड़कों पर मवेशी पाये जाने पर मालिकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों का लायसेंस निलंबित किया जाए।



### ब्लैक स्पॉट सुधारने के निर्देश

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों पर चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्य की जानकारी ली। साथ ही जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में यातायात जागरूकता बढ़ाने तथा नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। दुर्घटना से बचने के लिए दुपहियां वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने व कार चालकों को शीट बेल्ट लगाने अवगत करायी जाए।

### बैठक में मिले सुझावों पर किया गया विचार विमर्श

बैठक में जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार विमर्श कर कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिये गये। कलेक्टर ने जिले में घटित हिट एण्ड रन सड़क दुर्घटना के प्रकरण भी बैठक के एजेण्डा में शामिल करने पर जोर दिया। ताकि पीड़ति, गंभीर, घायल, मृतक के कानूनी प्रतिनिधि की मुआवजा राशि हेतु दावा निपटान प्रक्रियाओं को शीघ्र निपटायी जा सकें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले पॉइंट पर गति अवरोधक रम्बल्ड स्ट्रिप बनाने को कहा।

---

# भगवान बालाजी, माता श्रीदेवी भूदेवी की निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आंध्र साहित्य समिति दवरा सेक्टर 5 स्थित बालाजी मंदिर की 51वीं वर्षगांठ पर भगवान बालाजी तथा माताओं श्रीदेवी-भूदेवी की भव्य शोभायात्रा देर रात तक निकाली। अध्यक्ष पीवी राव एवं सचिव पीएस राव के नेतृत्व में रंगबिरंगे फूलों, झालरों, झूमरों तथा सतरंगी लाइटों से सजे वाहन से निकाली गई। इस शोभायात्रा में दक्षिण भारतीयों समेत विभिन्न प्रांतों के सैकड़ों भक्त शामिल हुए।

पारंपरिक वाद्ययंत्रों, ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजों एवं आतिशबाजी के बीच शोभायात्रा बालाजी मंदिर से शुरू होकर सेंट्रल एवन्यू रोड, जेपी चौक, अंडर ब्रिज, घड़ी चौक, जीई रोड, न्यू बसंत टाकीज रोड, जलेबी चौक, सुभाष चौक, 18 नंबर सड़क, अमरजीवी पोट्टि श्रीरामुलु चौक, कैंप के तेलुगु



बहुल क्षेत्रों के सभी प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीराम मंदिर तक निकाली गई, जहां से मध्यरात्रि को वापस बालाजी मंदिर लौटी। शेषनाग आसन पर विराजमान इष्टदेव की शोभायात्रा के इस अद्भुत नजारे को लोगों ने घर की छतों और बाल्कनियों से देखा। मंदिर के कपाट बंद होने से पहले भगवान बालाजी को एकांत सेवा अर्पित की गई।

सहस्त्रनामार्चना के बाद भगवान बालाजी और श्रीदेवी-भूदेवी का कल्याणोत्सव (विवाहोत्सव) शुरू हुआ। जिसमें विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रभु बालाजी के उत्सव विग्रह को वर के रूप में नए वस्त्रों तथा स्वर्णाभूषणों से अलंकृत किया गया और श्रीदेवी-भूदेवी के विग्रहों का वधू के रूप में श्रृंगार किया गया। मंदिर के मंडप में भगवान बालाजी को विशेष आसन पर, जबकि श्रीदेवी-भूदेवी को शेषनाग आसन पर स्थापित किया गया, जहां उनके दिव्य सौंदर्य की एक झलक पाने के लिए भक्तों में होड़ मच गई।

# आत्मानंद विद्यालयों के अतिशेष शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण से रखा जा रहा बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों और शिक्षकों दोनों के समायोजन करने दर्ज संख्या के अनुसार शिक्षकों को नियुक्त करने के लिए युक्तियुक्तकरण प्रकिया का आदेश 28 अप्रैल को जारी किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य है दर्ज संख्या जहां अधिक है और ऐसे स्कूल जहां कम शिक्षक है, वहां कम दर्ज वाले स्कूलों से अतिशेष शिक्षकों को समायोजित करना है।

इसी निर्देश के अनुसार जिलेभर के सभी स्कूलों से अतिशेष शिक्षकों का चिन्हांकन किया जाना है। अविभाजित राजनांदगांव और दुर्ग तथा अन्य जिले से जो अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी की गई है, उनमें स्वामी आत्मानंद विद्यालय के अतिशेष शिक्षकों को भी शामिल किया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में सेजेस के शिक्षक, जो एक विषय के दो हैं और जिनका वेतन आहरण भी दूसरे स्कूलों से हो रहा है, तीनों विकासखंड मुख्यालयों के पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय के शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में नहीं लिया जा रहा है, राज्य शासन के स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद नियमों तथा पूरी प्रक्रिया को अनदेखा किया जा रहा है, शासन की मंशा ऐसे शिक्षक जो सेटअप के स्वीकृत पद से अधिक है, सभी अतिशेष हैं, पर इस जिले के अधिकारियों द्वारा अपनी मंशानुसार युक्तियुक्तकारण की प्रक्रिया को अब जिले में थोपा जा रहा है।

## शासन के नियमों को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में दिखाया जा रहा है ठेंगा

### पहले भी मिली अतिशेष की जानकारी

मिली जानकारी के अनुसार मोहला सेजेस में बहुत से व्याख्याता ऐसे हैं, जिनका वेतन आहरण अन्य संस्था से निकला जा रहा है और अंबागढ़ चौकी के अतिशेष हिंदी विषय के व्याख्याता की शिकायत पहले भी हो चुकी है। यहां हिंदी के दो पद होने के बावजूद तीसरा व्याख्याता हिंदी में अतिशेष है। साथ ही रसायन, संस्कृत, राजनीति विषय के शिक्षकों का सेटअप में पद नहीं होने के कारण वेतन दूसरे स्कूलों से आहरित किया जा रहा है। अर्थशास्त्र का सेटअप में एक पद होने के बाद एक शिक्षक प्रतिनियुक्ति और दूसरा अतिशेष है और पीटीआई की संविदा नियुक्ति होने बावजूद अतिशेष का वेतन दूसरे संस्था से किया जा रहा है। इसके बाद भी जिला के अधिकारियों द्वारा युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को शामिल नहीं किया जा रहा। जिसको लेकर शिक्षा विभाग में प्रतिक्रिया शुरू हो गई है।




### पारदर्शिता को किया जा रहा दरकिनार

नए जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के शिक्षा विभाग सर्वाधिक अमला वाला विभाग है, जहां अधिक पारदर्शिता कार्यों में होनी चाहिए, पर यहां उलटा है। खंडस्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति द्वारा कोई भी अतिशेष शिक्षकों की सूची और मर्ज किए जा रहे स्कूलों की सूची सार्वजनिक नहीं किया गया। किसी भी प्लेटफार्म में ब्लॉक स्तरीय सूची प्रकाशित नहीं किया गया है और ना ही दावा-आपत्ति मंगाया गया। माने स्कूल बंद/मर्ज ये भी आम लोगों को सार्वजनिक सुलभ नहीं किया गया और अतिशेष शिक्षक को भी उसका पता नहीं। कुल मिलकर अब जिला स्तर पर जानकारी प्रकाशित होगी या नहीं ये देखना होगा?

### कराया जाएगा अवगत

दूसरे जिले में आत्मानंद के अतिशेष शिक्षक चिन्हित किए गए हैं, यह खबर नहीं थी। वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। - **हेमेंद्र भुआर्य,** एसडीएम, मोहला

## सार समाचार

### विस नेता प्रतिपक्ष ने छाबड़ा को दी श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के पिता स्व. सरदार गुरुचरण सिंग छाबड़ा के देहावसान पश्चात आयोजित श्रद्धांजलि सभा में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी शामिल हुए। उन्होनें स्व. गुरुचरण सिंग छाबड़ा के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान डॉ. महंत ने कहा कि स्व. गुरुचरण छाबड़ा काफी सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी थे।

सरदार गुरुचरण सिंग छाबड़ा बीते 28 मई को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर गुरुचरणों में लीन हो गए थे। उनकी आत्मिक कल्याणता एवं शांति के लिए शहर के गुरुद्वारा साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग रखा गया। इस दौरान वैरागमई कीर्तन एवं अंतिम अरदास और गुरु का लंगर किया गया। इस अवसर पर छाबड़ा परिवार सहित डोंगरगांव विधायक दलेशवर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक गुरुमुख सिंग होरा और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### रेल यात्रियों को जल वितरण

**राजनांदगांव।** मानव सेवा माधव सेवा की भावना से प्रेरित शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति के सदस्यों ने रविवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन में यात्रियों को जल वितरण किया गया। इस अवसर पर हरीश यादव, अखिलेश बंजारा, पिलेश्वर देवांगन, कौशल मानिकपुरी, शंभू वर्मा, पीहू यादव, किशन चौरसिया, प्रशांत वर्मा, भगवती निषाद, चंद्रेश साहू, भोज वर्मा, संतोष वर्मा, विकास राजपूत, भूपेंद्र रामटेके, लव यादव, राकेश देवांगन, लोकेश सिन्हा, शुभम सिन्हा, उमाशंकर सोनकर, शेखर दुरुगकर सहित समिति के अन्य सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी।

### उच्च स्तरीय जांच व कार्रवाई की उठी मांग

# राष्ट्रीय राजमार्ग बना जानलेवा बेमौसम बारिश में ही धंसी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बालोद से मानपुर-महाराष्ट्र सीमा तक बन रही राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-930 की सड़क निर्माण की पोल पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी पहली ही बारिश ने खोल दी है। मानपुर से कोहका के बीच बनी सड़क जगह-जगह से धंसकने लगी है। यह वही सड़क है। जिसका निर्माण कार्य करोड़ रुपए की लागत से होना है और अभी पूरी तरह से पूर्ण भी नहीं हुआ और इसकी हालत अभी से बदतर हो चुकी है।

स्थानीय लोगों में इसको लेकर भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण में जमकर लापरवाही की जा रही है। न तो सड़क की मजबूत बुनियाद तैयार की गई, न ही किनारों की सही तरीके से भराई की गई। नतीजतन हल्की बरसात होते ही सड़क धंस गई और दरारें आ गई है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते ठेकेदार के ऊपर कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले बरसात में यह सड़क बड़े हादसों को न्योता दे सकती है।



### यातायात पर असर, जान को खतरा

यह महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, बस्तर, तेलंगाना की ओर रोजाना सैकड़ों वाहनों की आवाजाही का प्रमुख मार्ग है। अगर जल्द मरम्मत नहीं की गई तो वाहन चालकों की जान खतरे में पड़ सकती है। साथ ही आने-जाने वाले ग्रामीणों को भी बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

### सवालों के घेरे में ठेकेदार

निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार पर घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग का आरोप लग रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि सड़क की गुणवत्ता पर ध्यान देने के बजाय इसे जल्दबाजी में सिर्फ कागजों में पूरा करने की कोशिश की जा रही है।



### शीघ्र मरम्मत की आवश्यकता

जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह ने मांग की है कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए और निर्माण की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए। साथ ही धंसी हुई सड़क की तत्काल मरम्मत करवाई जाए, ताकि बरसात के दौरान कोई बड़ा हादसा न हो।

## अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में की जा रही धरपकड़ कार्रवाई के तहत पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा। जिनसे शराब जब्त कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 31 मई को ग्राम बोईरडीह आरोपी सिकंदर पारधी के दुकान के पीछे में आरोपी सिकंदर पारधी 32 साल बोईरडीह ओपी चिखली के कब्जे से 18 पौवा यूनिक देशी मदिरा प्लेन व बिक्री रकम 270 रुपए एवं 1 जून को घटनास्थल खैरागढ़-गठुला रोड गुड्डू द्विवेदी के निर्माणाधिन मकान के सामने आरोपी लल्लू यादव 55 साल साकिन गठुला ओपी चिखली जिला राजनांदगांव के कब्जे से 10 देशी प्लेन शराब व 10 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 210 रुपए जब्त किया गया। दोनों आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया।



मांग : युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग निरस्त करने सहित रखी गई चार सूत्रीय मांगे

# नए शिक्षा सत्र से पूर्व शिक्षकों की आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने को अब कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। माना जा रहा है कि आगामी 15 जून से नया शिक्षा सत्र का श्री गणेश हो जाएगा। लेकिन इस बार प्रदेश सहित जिलेभर के शिक्षकों ने मुख्य रूप से जिस ढंग से युक्तियुक्तकरण को लेकर लामबंद नजर आ रहे हैं और उन्होने इसे निरस्त करने सहित कुल चार मांगों को लेकर शासन के विरूद्ध मोर्चा खोलते हुए 2 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है उसे देखकर ऐसा लग रहा है कि अगर शिक्षकों की यह हड़ताल लंबी खिंची तो नए शिक्षा सत्र का श्री गणेश भी शिक्षकों की हड़ताल के साथ ही शुरू होगा? इसी सिलसिले में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में रविवार को स्थानीय रानी झांसी बालोद्यान में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। प्रमुख निर्णय के अनुसार शिक्षक साझा मंच के आव्हान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर दो जून से प्रारम्भ होने वाले अनिश्चितकालीन धरना में एसोसिएशन के सभी सदस्य शामिल होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग के लिए जारी तिथि 2 व 3 जून को तत्काल निरस्त करने की मांग किया गया। बैठक में क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान, पूर्व सेवा गणना, संघ सदस्यता, संगठन की मजबूती हेतु संकुल अध्यक्षों में आवश्यकतानुसार बदलाव सहित अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक के प्रारम्भ में जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने अब तक के संघीय गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी प्रदान किया। तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए जाने के बाद सभी फैसले सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, दुर्गा चन्द्रवंशी, मनोज कौशिक, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, भूपेंद्र जाटवर, देवानंद चन्द्रवंशी, जोहन पुनाचा, सुरतिया साहू, सुशील चन्द्रवंशी, भूपेंद्र जाटवर, दिलीप धुर्वे, चतुर मेरावी, पन्ना लोधी, सुकदेव चन्द्रवंशी, इंद्रभूषण राय, रामसिंह साहू, राजेन्द्र निर्मलकर, नंद सोनी, अजय गुप्ता, राजेन्द्र तलवरे, भागवत कौशिक, मुकेश चन्द्रवंशी, प्रेमिश शर्मा, योगेश चौरिया, डीके वर्मा, रोहित देवांगन, घरेन्द्र चन्द्राकर, कुंदन लोनिया, रोशन जंघेल, बलदेव कौशिक, रामाधार मंडावी, विजय जनार्दन, शिव धुर्वे, ओंकार गुप्ता, ईशाक मोहम्मद खान, नारायण धुर्वे, रमेश साहू, किशन सत्यवंशी, सुभाष कोसरिया, मधुर चन्द्रवंशी, अमरनाथ गुप्ता, पलटन पटेल, मेहरबान अली आदि उपस्थित थे।

### सेटअप 2008 के विपरीत 283 शिक्षक अतिशेष



एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने सन 2008 में स्कूलों के पदक्रम रचना अर्थात सेटअप जारी किया है, जो वर्तमान में प्रभावशील है। इसी सेटअप के अनुसार स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना किया जाता है, लेकिन जिले में शासन के इस सेटअप को दरकिनार करते हुए 283 शिक्षकों को अतिशेष घोषित कर दिया गया है, जबकि ज्यादातर शिक्षक सेटअप के अनुसार ही अपने स्कूलों में पदांकित हैं।

### शिक्षा गुणवत्ता होगी प्रभावित

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी अपना मनमौजी चलते हुए प्राथमिक शाला में तीन के बजाय दो शिक्षक रख रहे हैं। मिडिल में पांच शिक्षक को घटाकर चार कर रहे हैं, जिससे शिक्षा गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ेगा। इससे गांव के गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पायेगा। इस वर्ष चलाये जाने वाले मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान भी सफल नहीं हो पायेगा।

### चार सूत्रीय मांगों के लिए होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

शिक्षक साझा मंच द्वारा जिला मुख्यालय के राजमहल चौक स्थित राजीव गांधी पार्क में दो जून से प्रारम्भ होने वाले अनिश्चितकालीन हड़ताल में जिले के सभी शिक्षक शामिल होंगे। यह हड़ताल चार सूत्रीय मांग युक्तियुक्तकरण में सेटअप 2008 का पालन, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान के लिए जनरल आर्डर एवं पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने को लेकर किया जा रहा है।

## कमल बघेल सरपंच संघ के उपाध्यक्ष मनोनीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत पांच सेक्टर के अंतर्गत उपाध्यक्ष बनाए गए। जिसके अंतर्गत गुधेली सेक्टर से ग्राम पंचायत खंघारपाट के सरपंच कमल बघेल उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत हुए।

सरपंच संघ के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कमल बघेल क्षेत्र के सरपंचों को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही क्षेत्र में जनहित के कार्य करने हेतु स्वयं को प्रतिबद्ध बताया। इस अवसर पर जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत कई जनप्रतिनिधियों सहित ग्राम पंचायत गुधेली के उपसरपंच पंकज वर्मा, जीतू साहू, ग्राम पंचायत कोहड़िया से पंच अर्जुन साहू, ग्राम पंचायत खंघारपाट उपसरपंच नंदकुमार निषाद, पंच कमलेश देशलहरे, उमेश परगनिहा, होलेश्वरी वर्मा, निमेश्वरी निषाद, रंजना वर्मा, आजु राम आडिल आदि के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गयी।

## पीपरटोला में आकाशीय बिजली की चपेट में आए तीन मवेशियों की मौके पर मौत

**स.लोहारा।** जिले में बनते बिगड़ते मौसम के बीच स.लोहारा क्षेत्र में लगातार आकाशीय बिजली गिरने की खबरें सामने आ रही है। हाल ही में विकासखण्ड स.लोहारा के ग्राम सिंगारपुर में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से ग्रामीण दम्पत्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी वहीं विकासखण्ड स.लोहारा के ग्राम पीपरटोला में आकाशी बिजली गिरने से एक ग्रामीण के तीन मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। जिससे पीड़ित किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ गया। बताया कि जाता है कि बीते दिनो शाम को करीब 04 बजे क्षेत्र में अचानक बदले मौसम के चलते तेज आंधी तूफान तथा बेमौसम बारिश के बीच आसमान से भीषण गर्जना के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में ग्राम पीपरटोला निवासी एक ग्रामीण के तीन मवेशियों की मौत हो गई।

### खबर संक्षेप

## घर में हांथ साफ करने वाला चोर गिरफ्तार

**कवर्धा।** सिंघनपुरी जंगल में एक घर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 48,500 रुपए के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए गए। घटना 23 मई की रात करीब 1.30 बजे की है। बताया जाता है कि पीड़ित परिवार अपने घर की छत पर सो रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने कमरे की आलमारी से 48500 रुपए कीमती जेवर चुरा लिए। 25 मई को थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और साइबर सेल की मदद से आरोपी की पहचान आत्माराम पिता तिलक यादव आयु 20 वर्ष निवासी कंटगी कला के रूप में कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी के बयान पर चोरी किए जेवर बरामद किए गए। पुलिस ने विधिवत जब्ती की कार्रवाई पूरी कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सहलेवारा क्रिकेट प्रीमियर लीग में चिल्फी की टीम बनी चैंपियन



**बोड़ला।** जिले के वनांचल ग्राम सहलेवारा में आयोजित प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का गत शनिवार को फाइनल मैच चिल्फी फाइटर विरूद्ध साहलेवारा के बीच खेला गया। जिसमें पहले टॉस जीतकर चिल्फी ने गेंदबाजी करने का फैसला लिया। इस फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सहलेवारा की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 62 रन बनाए। वहीं 62 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चिल्फी की टीम ने 9.2 ओवर में 63 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। फाइनल मुकाबले में विजेता रही चिल्फी टीम के हीरो रहे संजू राजपूत ने अपनी शानदार बॉलिंग से 2 ओवर में मात्र 9 रन देकर 3 विकेट लिए जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। मैच के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुखलाल सिंह एवं सरपंच ग्राम पंचायत लूप उदय सिंह ने प्रतियोगिता के विजेता एवं उप विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहलेवारा के क्रिकेट टीम एवं खिलाड़ियों का सराहनीय योगदान रहा।

## जिले के 52 हजार से अधिक ग्रामीणों ने पानी बचाने का लिया संकल्प

### मनरेगा के ग्रामीण परिवारों ने पेश की मिसाल



- ग्रामीणों की भागीदारी से मोर गांव मोर पानी महा अभियान बन रहा जन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

आगामी वर्षा ऋतु में जल संरक्षण कर भू-जल स्तर में वृद्धि करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक करने का कार्य कबीरधाम जिले में जोर-शोर से चल रहा है।

इसी कड़ी में आज मोर गांव मोर पानी महा अभियान अंतर्गत जिले के ग्रामीण अंचलों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत रोजगार करने वाले 52 हजार 8 सौ से अधिक ग्रामीणों ने एक साथ जल संरक्षण की शपथ लेकर सभी के लिए मिसाल पेश की। तालाब निर्माण कार्य, डबरी निर्माण कार्य, तालाब गहरीकरण कार्य, अमृत सरोवर निर्माण, पशु शेड निर्माण, नाला पुनरूद्धार कार्य एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण जैसे अनेक कार्यों में लगे सदस्यों ने यह शपथ ली। निर्माण कार्य में लगे ग्रामीणों को मैदानी कर्मचारियों तकनीकी सहायक एवं ग्राम रोजगार सहायक द्वारा भू-जल स्तर में वृद्धि करने के विषय में जानकारी दी गई, जल संरक्षण नहीं होने से गांव में इसके दुष्परिणाम पर विस्तार से बात की गई। ग्रामीणों को प्रेरित किया गया कि वह अपने घरों के साथ खेतो में वृक्षारोपण करें। परंपरागत स्त्रोतों के माध्यम से बरसात के पानी को रोक तथा समाज के सभी वर्गों को जागृत करने के लिए ग्रामीण आगे आकर अपना योगदान दे। ग्रामीणों ने शपथ लेकर संकल्प लिया कि वह मोर गांव मोर पानी महा अभियान का हिस्सा बनकर अपने पृथ्वी को हरा भरा रखने में पूरा योगदान करेंगे।

### चार दिवसीय प्रशिक्षण से जल संरक्षण के लिए बनाई जाएगी विशेष रणनीति

कबीरधाम जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतो के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आवास मित्र, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की स्व सहायता समूह की दीदीयो ग्राम संगठन के सदस्य जनपद प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के मैदानी कर्मचारियों का प्रशिक्षण आज से प्रारंभ हो रहा है। 16 क्लस्टर में आयोजित होने वाले 4 दिवसीय प्रशिक्षण में स्थानीय स्तर पर पानी रोकने के विभिन्न उपायों पर जानकारी दिया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य गांव में रहने वाले स्थानीय व्यक्तियों को भू-जल स्तर एवं जल संरक्षण के महत्व को बताना है। तथा इनके माध्यम से अन्य ग्रामीणों को इस कार्य के लिए प्रेरित कर इस अभियान से जोड़कर इसे सफल बनाना है।

## दिनभर तेज धूप, शाम को मौसम सुहाना उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जाते-जाते नौतपा और ग्रीष्म ऋतु ऐसा सितम ढा रही है कि इन दिनों लोगों का हाल बेहाल है।

बदले मौसम के बीच शाम के समय प्रायः हर रोज आसमान में छाने वाली बदली, हल्की-तेज बारिश और चलने वाली ठंडी हवा लोगों को जितना सुकून दे रही है उतनी ही यातना लोगों को पूरे दिन भुगतनी पड़ रही है। मौसम के इस मिजाज का असर जहां लोगों की दिनचर्या पर पड़ रहा है वहीं उनकी सेहद पर भी इसके विपरीत प्रभाव देखे जा रहे हैं। गौरतलब है कि ग्रीष्म ऋतु की अब उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और माना जा रहा है कि नौतपा समाप्त होने के बाद जल्द ही मानसून दस्तख देने वाला है। लेकिन ग्रीष्म ऋतु और मानसून के बीच का यह फासला लोगों पर भारी पड़ रहा है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनों कवर्धा नगर सहित अंचल के मौसम ने अपनी दिनचर्या कुछ इस तरह सेट कर ली है कि दिनभर चटख धूप खिली होती है तथा शाम ढलते-ढलते अचानक आसमान में काले बादल छा जाते हैं और तेज हवा के साथ कई बार बारिश भी शुरू हो जाती है। ऐसे में शाम के समय तो बदला मौसम लोगों को काफी सुकून देता है, लेकिन दूसरे दिन जैसे ही सूरज की तीखी किरण जमीन पर पड़ती है बारिश के पानी की नमी भाप बनकर लोगों के लिए मुसीबत कड़ी कर देती है।

लोग दिनभर उमस भरी चिपचिपी गर्मी से हलाकान रहते हैं। इस बैचेन कर देनी वाली गर्मी व मौसम की असमानता का लोगों की सेहद पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता दिख रहा है और लोगों में सर्दी, बुखार, हांथ, पैर में दर्द जैसी शिकायत बढ़ रही है। इस तरह की शिकायत सार्वधिक छोटे बच्चों व बुजुर्गो में देखने को मिल रही है।

जानकारों का मानना है कि अब जब तक मानसून पूरी तरह सक्रिय नहीं हो जाता लोगों को ऐसी ही परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। संभवतः यही वजह है कि अब लोग बड़ी बेसब्री से मानसून के आने का इंतजार कर रहे हैं।

## स.लोहारा क्षेत्र के किसान सिंचाई सुविधा के चलते ले रहे तीन फसल

**कवर्धा।** कुछ सालो पूर्व तक जिले के किसान सिंचाई सुविधाओं के आभाव में अपने खेतों में सिर्फ दो फसल ही लिया करते थे। अंचल के किसान वर्षाकाल में खरीफ फसल के तहत मुख्य रूप से सिर्फ धान की फसल लेते थे और कुछ किसान सोयाबीन की फसल की बोआई करते थे। वहीं शीत ऋतु में रबि फसल के तहत अंचल के ज्यादातर किसान चना, गेंहू, मटर अरहर आदि दलहन फसल लेकर खेती किसानी किया करते थे। तो दूसरी तरफ सिंचाई सुविधाओं के आभाव में धान कटाई के बाद से ही ग्रीष्म ऋतु के पूरे चार महिने किसानो के खेत खाली पड़े रहते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। बीते कुछ वर्षो के दौरान जिले में जिस ढंग से सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हुआ है और किसानो को शासन की योजनाओं का लाभ मिलना प्रारंभ हुआ है किसानो ने भी इसका बखूबी फायदा उठाते हुए अपनी किस्मत बदलने का प्रयास किया है और जिन किसानो ने इस दिशा में प्रयास किए है उन्हे शानदार सफलता भी मिली है। इसकी एक बानगी तो गन्ने की फसल के रूप में विशेषकर जिले के विकासखण्ड पंडरिया, कवर्धा तथा बोड़ला में देखने को मिली है। क्योंकि इस क्षेत्र में एक नहीं बल्कि दो-दो सहकारी शक्कर कारखाना संचालित है। हालांकि इस लाभ का मलाल विकासखण्ड स. लोहारा क्षेत्र के कई ग्रामों के किसानों है और वे भी बीते कई वर्षो से यहां एक सहाकारी शक्कर उत्पादक कारखाना की मांग कर रहे हैं। लेकिन कुछ किसान ऐसे में ही हैं जिन्होनें गन्ना के अलावा दूसरी फसलों को लेकर अपनी किस्मत बदलने का काम किया। बताया जा रहा है कि इस वर्ष विकासखण्ड स. लोहारा के कई ग्रामों के किसानो ने ग्रीष्मकाल में अपने खेतों को खाली छोड़ने के बजाय उसमें मूंग एवं उड़द की फसल ली है और वे इसमें खासे सफल भी रहे हैं। किसानो ने बताया कि इस साल क्षेत्र में करीब 50000 एकड़ में मूंग एवं उड़द की फसल किसानो द्वारा ली गई है। उन्होने बताया कि सिंचाई के पर्याप्त साधन के साथ ही इस बार मौसम अनुकूल होने के कारण फसल अच्छी रही है और उत्पादन भी भरपूर हुआ है। कीट व्याधि को अच्छे से नियंत्रण करने में किसान सफल रहे हैं।

## खेलन मरावी को चीमागोंदी सेक्टर का अध्यक्ष किया गया मनोनीत



**कवर्धा।** जिला गोंड़ समाज सेवा समिति जिला कबीरधाम पंजीयन क्रमांक 21752 के जिला अध्यक्ष राजा योगेश्वर राज सिंह द्वारा गोंड़ समाज में संगठनात्मक मजबूती के लिए जिला, ब्लॉक प्रबंध कार्यकारिणी गठन के बाद समस्त सेक्टर में सेक्टर के सर्व प्रभाग का प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया है। इसी क्रम में ब्लॉक प्रभारी जिला उपाध्यक्ष डॉ संतोष धुर्वे, जिला सहसचिव सुखनंदन धुर्वे, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष मरकाम, उपाध्यक्ष गणेश धुर्वे कवर्धा के नेतृत्व में चीमागोंदी सेक्टर के आश्रित समस्त ग्राम के डिहवार छड़ीदार एवं सगा समाज का बैठक आदिवासी मंगल भवन चीमागोंदी में आहूत की गई। बैठक में उपस्थित समाज ने सर्व सम्मति से खेलन मरावी को चीमागोंदी सेक्टर के सर्व प्रभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है साथ ही विष्णु मरकाम उपाध्यक्ष, धामसिंह धुर्वे सचिव, संतोष मरकाम कोषाध्यक्ष, भारत धुर्वे संगठन मंत्री, सेक्टर संरक्षक मनोहर मरावी, अंगद मरकाम, विश्राम नेताम, नारायण नेताम, सलाहकार ईश्वरी प्रसाद मरावी, युवा प्रभाग अध्यक्ष महादेव नेताम उपाध्यक्ष टीकाराम खुसरो, शिवकुमार नेताम आदि मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

लोगों को दिया गया नशा मुक्ति तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश

## कबीरधाम जिला महिला साहू संघ कई गांव-गांव में निकाली सद्भावना रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा



जिला महिला साहू संघ के बैनर तले रविवार को संघ की जिलाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी साहू के नेतृत्व में नशा मुक्ति, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश के साथ जिला मुख्यालय कवर्धा से कई गावों में सद्भावना रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ रविवार की सुबह 10.30 बजे जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित गांधी मैदान से किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉं सियाराम साहू, अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिलाध्यक्ष साहू संघ पतिराम साहू, जिला महामंत्री साहू संघ धर्मराज साहू, कौशल साहू, बालाराम साहू, जिला उपाध्यक्ष साहू राजेश साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष कवर्धा धर्मराज, तहसील साहू संघ बोड़ला अध्यक्ष मिलूराम साहू, तहसील साहू संघ बोड़ला महामंत्री सालिक साहू, लोकचंद साहू, पूर्णिमा मनीराम साहू, पद्मिनी साहू, सावित्री साहू, कौशल्या साहू, रेखा हरीश साहू, पुष्पा होरी राम साहू, आरती सुनील साहू, निशा अखिलेश साहू, विद्या साहू, संतोषी साहू, गायत्री राजेश साहू, संतोषी साहू, मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। जिन्होने रैली के साथ गांव-गांव में पहुंचकर समाज के लोगों को समाज की मजबूती, एकता के साथ ही नशा मुक्ति, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं तथा सामाजिक बुराईयों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व रैली को बकायदा हरि झंडी दिखाकर क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के लिए रवाना किया गया। इस संबंध में साहू समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष चोवाराम साहू एवं जिला महिला साहू संघ की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी साहू ने बताया कि मुख्य रूप से सद्भावना के साथ लोगों को नशामुक्ति तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संघ द्वारा रविवार को क्षेत्र के कई गांवों में सद्भावना रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ जिला मुख्यालय कवर्धा से कर मुख्य मार्ग से होते हुए दोपहर 11.00 बजे ग्राम भागुटोला पहुंची जहां मां कर्मा की पूजा आराधना तथा ग्रामीणों के बीच संदेश प्रचारित करने के पश्चात दोपहर 11.30 बजे रैली ग्राम डगानिया पहुंची। जहां स्थानीय ग्रामीणों ने रैली का स्वागत किया। दोपहर 12.00 बजे रैली ग्राम खैरबना कला पहुंची। ग्राम खैरबना कला में मां कर्मा की पूजा अर्चना व भोजन अवकाश के पश्चात दोपहर 1.30 बजे रैली ग्राम सरोधा, दोपहर 2.00 बजे ग्राम रामचुवा होते हुए दोपहर 2.30 बजे ग्राम सिंघनपुरी, दोपहर 3.00 बजे रौचन, दोपहर 3.30 बजे ग्राम चिखली, शाम 4.00 बजे रौचन तथा अंत में शाम 4.30 बजे ग्राम मजगांव के तहसील साहू भवन में रैली का समापन किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411